महत्वपूर्ण एवं खास

जिले में 658.3 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज

रायगढ़ । चालू वर्षा मौसम में रायगढ़ जिले में 27 अगस्त तक 658.3 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है। बीते 24 घंटे में जिले में 9.0 मिली मीटर औसत वर्षा हुई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले के रायगढ़ तहसील में 632.2 मिली मीटर, पुसौर में 734.8, खरसिया में 604.4, सारंगढ़ में 686.5, बरमकेला में 565.0, घरघोड़ा में 658.5, तमनार में 566.0, लैलूंगा में 724.6 तथा धरमजयगढ़ तहसील में 752.8 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई है।

तिल्दा-बैकुंठ स्टेशनों के मध्य समपार फाटक-399 बंद रहेगा 5 दिन

रायपुर (आरएनएस)। रायपुर रेल मंडल के तिल्दा-बैकुंठ स्टेशनों के मध्य स्थित समपार फाटक क्रमाक 399 तुलसी गेट (किमी.792/22-24) समपार फाटक मरम्मत कार्य के कारण 29 अगस्त को सुबह 08 बजे से संभावित 05 दिनों तक वाहनों का आवागमन के लिए बंद रहेगा।

ट्रक में 40 मवेशियों को भरकर ले जा रहे थे कत्लखाने, दो गिरफ्तार

धमतरी (आरएनएस)। ट्रक में भरकर मवेशियों को कत्ल खाने ले जाते दो लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार की है। मिली जानकारी के मुताबिक धमतरी जिले के रुद्री थाना क्षेत्र में मंगलवार सुबह ट्रक में भरकर मवेशियों को उड़िसा कत्ल खाने ले जाने की सुचना पर शुक्रवार को प्रातः 4 बजे के करीब ग्राम लीलर अर्जुनी धमतरी के रास्ते उड़िसा जा रही ट्रक को घेराबंदी कर पकड़ा है। ट्रक के अंदर चेक करने पर उसमें में 40 मवेशियों को बिना चारा पानी के ठूस-ठूसकर भरा गया था। पुलिस को देखकर ट्रक ड्राइवर एवं उसके साथी गाड़ी रोककर जंगल की तरफ भागने लगे। इस दौरान पीछा करते समय ट्रक पुलिस के ऊपर चढ़ाने की भी कोशिश की वहीं आरोपियों द्वारा हथियारो को फेकर कर पुलिस टीम पर हमला किया। जिसके चलते धर्म सैनिक मोक्ष कुमार एवं रवि कुमार को गंभीर चोट लगी है। मामले में पुलिस ने ट्रक चालक फरार है वहीं अन्य दो आरोपी राय सिंह ग्राम जमली पाली थाना धमतरी तथा ओमकार सतनामी को गिरफ्तार कर ट्रक क्रमांक सीजी 15 डीएफ 5632 को जब्त कर लिया है।

एक साल बच्चो को लेकर गांजा तस्करी करते महिला-पुरुष गिरफ्तार, 20 किलों 300 ग्राम गांजा जब्त

रायपुर (आरएनएस)। राजधानी रायपुर के पण्डरी बस स्टैण्ड में देवेन्द्रनगर पुलिस ने एक अंतरर्राज्यीय गांजा तस्कर महिला व पुरुष को गिरफ्तार कर 20 किलों 300 ग्राम गांजा जब्त की है। मिली जानकारी के मुताबिक गुरुवार की शाम 4.35 बजे मुखबीर की सूचना पर पण्डरी बस स्टैण्ड के पास एक महिला व पुरुष को पुलिस ने पकड़ा है। दोनों आरोपी पुलिस को झांसा देने 1 साल के बच्चे को लेकर बस का इंतजार में खड़े थे। आरोपियों के पास रखे दो बैग चेक करने पर 20 किलों 300 ग्राम गांजा मादक पदार्थ जब्त की है। पकड़े गए गांजा की अनुमानित कीमत 1 लाख 21 हजार 800 आंकी गई है। पूछताछ में दोनों आरोपियों ने पुलिस को अपना नाम तबस्सूम खातून पति इकबाल खान तथा रफीक पिता इस्तखार खान निवासी मानिकपुरी खाईपारा जिला बांधा यूपी बताया है। दोनों को हिरासत में लेकर उनके खिलाफ नार्कोटिक्स एक्ट की धारा 20 बी के तहत कार्रवाई की गई है।

हाट बाजार में अब पहुचेंगे मोबाइल मेडिकल यूनिट, टीकाकरण के सेकेंड डोज के लिए भी चलेगा अभियान

» हाट बाजार में मरीजों को मिले निर्धारित सभी जांच व दवाई की सुविधा-कलेक्टर भीम सिंह

» वेक्टर जनित रोगों से बचाव के लिए लगातार कार्य जारी रखने के निर्देश

» कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग की ली समीक्षा बैठक ली

रायगढ़। रोस्टर अनुसार सभी चिन्हांकित जगहों में हाट-बाजार क्लिनिक लगाएं और निर्धारित सभी उपचार और जांच सुविधा आने वाले मरीजों को उपलब्ध कराएं। सभी हाट-बाजार के लिए डेडिकेटेड एमएमयू होगी, जिसमें सभी जरूरी उपकरण, दवाइयां, जांच की सुविधा सुनिश्चित करें। उक्त बातें कलेक्टर भीम सिंह ने आज स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक में कही। उन्होंने कहा कि दूरस्थ अंचलों में स्वास्थ्य सुविधाओं की बेहतर और नियमित पहुंच बनाने इस योजना को शुरू किया गया है। अतः पूरी गंभीरता से इसका क्रियान्वयन होना चाहिए।

कलेक्टर सिंह ने विकासखंडवार हाट-बाजार क्लिनिक के तहत मरीजों के उपचार की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि मरीजों के उपचार की जानकारी दिए गए फॉरमेट में भरकर प्रस्तुत करें। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के तहत विभिन्न अस्पतालों के उन्नयन तथा अन्य भवनों के निर्माण की समीक्षा की। भवनों का कार्य पूरा होते तक सभी जगहों में वैकल्पिक व्यवस्था करने के निर्देश दिए। जिससे लोगों को नियमित रूप से स्वास्थ्य सुविधाएं मिलती रहे। इसके साथ ही उन्होंने सभी निर्माण कार्य भी तेजी से पूरे करने के सख्त निर्देश निर्माण एजेंसी के अधिकारियों को दिए। कोविड की अगली संभावित नजर के चलते जिले के अस्पतालों में ऑक्सीजन प्लांट स्थापित करने के लिए किये जा रहे कार्यों की समीक्षा की। प्लांट से जुड़े सिविल व इलेक्ट्रिकल वर्क के प्रगति की जानकारी ली। निर्माण कार्यो की धीमी गति पर नाराजगी जताते हुए काम जल्द पूरा करने के निर्देश उन्होंने दिए।

कलेक्टर सिंह कोविड टीकाकरण के साथ वैक्सीन की उपलब्धता की जानकारी ली। पहले डोज की तरह ही सेकेंड डोज का टीकाकरण भी तेजी के साथ पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने आगामी दिनों में माह के अंतिम सप्ताह में टीकाकरण के लिए विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए। जिससे जल्द ही रायगढ़ को पूर्ण टीकाकृत जिला बनाया जा सके।

शासन द्वारा अस्पतालों में पैथोलॉजी लैब की सुविधा विस्तार के लिए हमर लैब स्थापित किया जा रहा। जिले में इस संबंध में हो रहे कार्यों की समीक्षा भी कलेक्टर सिंह ने बैठक में की। उन्होने निर्देश दिए कि जिन स्थानों पर निर्माण कार्य जारी हैं वहाँ वैकल्पिक व्यवस्था करते हुए आने वाले मरीजों को जांच सुविधाएं मुहैय्या कराना सुनिश्चित करें। इसी प्रकार अस्पतालों में प्रस्तावित ब्लड बैंक शुरू करने हेतु अब तक हुए कार्यों की उन्होंने जानकारी लेते हुए तय मानकों के अनुसार सभी कार्य जल्द पूरा करने के निर्देश उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को दिए। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में कुपोषित बच्चों के स्वास्थ्य लाभ के लिए संचालित एनआरसी सेंटर में बच्चों की उपस्थिति के बारे में जानकारी ली। यहां दिए गए निर्देशों के अनुसार बच्चों के खानपान व अन्य सुविधाओं की जानकारी ली। कुछ एनआरसी सेंटर में उन्नयन का कार्य किया जा रहा है। जिसके निर्माण कार्य की समीक्षा की और देरी पर नाराजगी जताते हुए काम जल्द पूरा करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर सिंह ने वर्तमान में वेक्टर जनित मलेरिया और डेगू से बचाव के लिए विभाग द्वारा किये जा रहे कार्यों की जानकारी ली। सीएमएचओ डॉ.एस.एन केशरी ने बताया कि मलेरिया व डेंगू के रोकथाम के लिए निरंतर कार्य किये जा रहे है। नगर निगम के सहयोग से नालियों में फॉगिग किया जा रहा है। टीम पिछले सालों में प्रभावित क्षेत्रों में घर-घर जाकर जलजमाव की स्थिति को जांच रही है। ऐसा मिलने पर जमे पानी को खाली करवाकर दवा का छिड़काव करवा रही है।

बैठक में जिला पंचायत सीईओ डॉ.रवि मित्तल, सीएमएचओ डॉ.एस.एन.केशरी, जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. टी.जी. कुलवेदी, डॉ.बी.पी.पटेल, बीएमओ सहित स्वास्थ्य विभाग के डॉक्टर एवं अन्य स्टॉफ मौजूद रहे।

किरोड़ीमल शासकीय नटवर बहुउद्देश्यीय उ.मा. विद्यालय का नाम रहेगा यथावत

» किसी हिन्दी माध्यम स्कूल को नही किया जा रहा बंद » जिला शिक्षाधिकारी ने दी जानकारी

रायगढ़ । रायगढ़ जिले के सभी विकासखंड मुख्यालय में स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय प्रारंभ किये गए हैं। जिसके संचालन के संबंध में जानकारी देते हुए जिला शिक्षाधिकारी आर.पी.आदित्य ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार जिले के 9 विकास खंडों में स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय प्रारंभ किए गए हैं। जिसका उद्देश्य निःशुल्क अंग्रेजी माध्यम में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना है। वहीं उक्त संस्था में जहां पर अंग्रेजी माध्यम विद्यालय प्रारंभ किए गए हैं, के हिंदी माध्यम में विद्यार्थियों को भी और बेहतर शिक्षा उपलब्ध कराया जाना है। अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों में हिंदी माध्यम के शिक्षक सहित 43 का सेटअप शासन द्वारा निर्धारित किया गया है। जिसके तहत पूर्व में उक्त संस्थाओं में कार्यरत हिन्दी माध्यम के स्टाफ से अंग्रेजी माध्यम के सेटअप के तहत कार्य करने हेतु सहमति चाही गई थी। जिन से सहमति प्राप्त हुई एवं पद उपलब्धता के आधार पर प्रतिनियुक्ति पर उन्हें लिया गया है। हिन्दी माध्यम में अध्ययनरत विद्यार्थियों को नवीन सेटअप में पदस्थ चयनित किए गये शिक्षकों के माध्यम से ही सही अनवरत अध्ययन-अध्यापन कार्य सुचारू रूप से जारी रहेगा। जनमानस एवं विद्यार्थियों से अपील की जाती है कि वे भ्रमित ना होंवे, किसी हिन्दी माध्यम विद्यालय को वर्तमान में बंद नहीं किया जा रहा है।

ग्रामीण से मोबाइल लूटपाट का फरार आरोपी पकड़ा गया

» लूटपाट के एक आरोपी और लूट की मोबाइल खरीददार पहले जा चुके हैं जेल

रायगढ़। भूपदेवपुर पुलिस द्वारा आज दिनांक 27/08/2021 को लक्की ढाबा के आगे मेन रोड पर ग्रामीण से मोबाइल व नगदी लूटपाट कर गिरफ्तारी से बचने लुकछिप रहे आरोपी को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा है, उसके एक साथी और इनसे लूट की मोबाइल के खरीददार को पहले ही गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा जा चुका है। एक आरोपी अभी भी फरार है,जिसकी पतासाजी की जा रही है। जानकारी के अनुसार आरोपी अजय कुमार वैष्णव अपने दो साथी मनीष महंत और पिंटू ऊर्फ ओडिया के साथ दिनांक 28.06.2021 के शाम करीब 04.50 बजे ग्राम केराझर लक्की ढाबा के आगे मेन रोड पर ग्राम कुशवाबहरी थाना भूपदेवपुर में रहने वाला गोरेश्वर साहू पिता अनंत राम साहू उम्र 52 वर्ष के साथ मारपीट कर उसके जेब में रखे 5,000 रूपये, एक जिओ मोबाइल और गाड़ी का आरसी बुक, बीमा, पेन कार्ड, आधार कार्ड को लूटकर भाग गये। लूट की रिपोर्ट पर थाना भूपदेवपुर में अज्ञात व्यक्तियों के विरूद्ध अप.क्र. 128/2021 धारा 394 भादवि पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

विवेचना दरम्यान आरोपी अजय वैष्णव तथा उससे लूट की मोबाइल के खरीददार विक्की चौधरी को दिनांक 09/07/2021 को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया था। घटना के बाद से फरार दोनों आरोपियों की सघन पतासाजी की जा रही थी। आरोपीगण गिरफ्तारी की डर से स्थान बदल बदल कर पुलिस से लुक छिप रहे हैं, जिनमें से एक आरोपी मनीष महंत को दिनांक 26/08/21 को रायगढ़ में धूमते देखे जाने की सूचना पर दबिश देकर पकडा गया। आरोपी से पूछताछ करने पर अपने मेमोरंण्डम में अपने साथी अजय वैष्णव एवं पिंटू ऊर्फ ओडिया के साथ अपराध घटित करना स्वीकार किया। आरोपी मनीष महंत पिता धनीदास महंत उम्र 23 वर्ष सा0 वार्ड क्रमांक 22 सेठीनगर थाना चक्रधरनगर जिला रायगढ़ को दिनांक 26/08/2021 को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। प्रकरण के एक आरोपी फरार है जिनकी मुखबीर लगाकर पतासाजी की जा रही है।

चिटफंड कंपनी के डॉयरेक्टर सहित चार आरोपियों का कोतवाली पुलिस ली रिमांड

रायगढ़। दिनांक 27/08/2021 को सकोतवाली पुलिस द्वारा विशेष न्यायाधीश रायगढ़ के न्यायालय में प्रोडक्शन वारंट में पेश किये ए.डी.बी. क्रेडिट को-आपरेटिव सोसायटी लिमिटेड के डायरेक्टर सहित चार आरोपियों का 14 दिवस न्यायिक रिमांड लिया गया है। चिटफंड कम्पनी रूपये निवेश पर 6 वर्ष में 03 गुना करने का झांसा देकर प्रदेश के कई जिलों में लोगों से ठगी की गई है। रायपुर जिले के अपराध में चार आरोपीगण केन्द्रीय जेल में निरूद्ध थे, जिन्हें प्रोडक्शन वारंट में न्यायालय पेश किये जाने पर कोतवाली पुलिस थाने में दो मामलों में रिमांड लिया गया है।

चिटफंड कम्पनी द्वारा एक लाख रूपये जमा करने पर 6 वर्ष में तीन गुना 3 लाख रूपया होगा कहकर एजेंटों के माध्यम से लोगों को प्रलोभन दिया गया था, जिसमें आकर सहदेवपाली रायगढ का भोकलो निषाद मार्च 2014 में 12 लाख रूपये इस चिटफंड कंपनी में निवेश किया था। कम्पनी के रायगढ़ स्थित आफिस बंद कर भाग जाने पर मार्च 2018 में भोकलो निषाद द्वारा चौकी जूटमिल (थाना कोतवाली) में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी, रिपोर्ट पर अप.क्र. 317/2018 धारा 420 आईपीसी का अपराध एडीवी क्रेडीट को-आपरेटिव सोसायटी लिमिटेड कंपनी के डायरेक्टर एवं कम्पनी के अधिकारियों के विरूद्ध दर्ज किया गया था।

वहीं अगस्त 2019 को ग्राम चपले के मिनकेतन पटेल द्वारा थाना कोतवाली में लिखित आवेदन देकर कम्पनी के डायरेक्टर व कर्मचारियों के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज कराया गया था। शिकायतकर्ता के अनुसार इसे इसके पहचान के व्यक्ति बताया था कि एडीवी आरोग्य धन वर्षा चिटफंड कंपनी के मालिक जो अन्य बैंकों से ज्यादा ब्याज देते है एवं साढे पांच साल में रकम दोगुना लौटाते है। तब उसकी बात में आकर 08 बार में कुल 3 लाख 28 हजार रूपये रायगढ के इतवारी बाजार में पत्रिका समाचार कार्यालय के नीचे तल में स्थित आरोग्य धन वर्षा कंपनी के आफिस में आकर जमा कराया था, इसके अलावा 17 और लोगों ने भी रूपये जमा किये थे। कम्पनी आफिस बंद कर भाग गई। थाना कोतवाली में आरोपीगण 1. रघुवीर सिंह राठौर पिता गंगा सिंह राठौर उम्र 46 वर्ष, अध्यक्ष एडीवी चिट फंड कंपनी मेन आफिस उज्जैन 2. जगदीश चन्द्र व्यास पिता लक्ष्मीनारायण उम्र 42 वर्ष निवासी कराडिया आलोट जिला रतलाम म.प्र. 3. धर्मेन्द्र सिंह पिता नरेंद्र सिंह 42 वर्ष सोनगरा निवासी बडनगर जिला उज्जैन म.प्र. 4. राजेन्द्र सिंह सिसोदिया पिता रामसिंह 45 वर्ष निवासी आलोट जिला रतलाम म.प्र. के विरूद्ध अप.क्र. 593/2021 धारा 420,34 आईपीसी 6,10 छ.ग. निक्षेपकों के हितों का संरक्षण अधिनियम 2005 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया था।

फर्जी चिटफंड कम्पनियों से निवेशकों को रूपये लौटाये जाने की कवायद पर न्यायालय पेश किये गये आरोपियों का अनुसंधानकर्ता सहायक उप निरीक्षक दिलीप बेहरा थाना कोतवाली द्वारा आज दिनांक 27/08/2021 को थाना कोतवाली के दोनों मामलों में 14 दिवस न्यायिक रिमांड लिया गया। शीघ्र विवेचना कार्यवाही पूर्ण कर प्रकरण का चालान पेश किया जावेगा, जिससे पीड़ितों के निवेश रकम वापस किए जाने की प्रक्रिया में गति आवेगी।

नाबालिक का अपहरण कर बलात्कार करने वाले 2 आरोपी गिरफ्तार

जगदलपुर । जिले के परपा थाना क्षेत्र से एक नाबालिक का रास्ता रोककर उसका अपहरण करने के बाद उसके साथ जबरदस्ती बलात्कार करने तथा जान से मारने की धमकी देने वाले दो आरोपियों लुसेश्वर सेठिया एवं कृष्णा सेठिया को आज पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने धारा 341, 363, 366, 376 (घ), 506 भादवि और 04 पॉक्सो एक्ट के तहत आरोपियों के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए आज जेल दाखिल कर दिया है।

परपा टीआई बीआर नाग ने बताया कि बीते 26 अगस्त को नाबालिक के परिजनों ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उनकी पुत्रि देर शाम साईकल से करीबन 7:30 बजे घर से अपने मामा के घर जा रही थी। इसी बीच दो युवकों ने रास्ते में रोकने के बाद जबरन अपनी बाइक में बैठाकर गांव के बाहर तालाब के किनारे बलात्कार की घटना को अंजाम देने के बाद दोनों आरोपी फरार हो गए। परपा पुलिस ने रिपोर्ट को गम्भीरता से लेते हुए दोनों आरोपी लुसेश्वर सेठिया को ग्राम सतलावंड और कृष्णा सेठिया को ग्राम कस्तूरी से गिरफ्तार कर लिया है। पूछताछ में दोनों आरोपियों ने अपना जुर्म कबूल कर लिया है।

अधेड़ व्यक्ति की हत्या के आरोप में मां-बेटे गिरफ्तार, लैलूंगा के ग्राम कोड़ामाई की घटना

रायगढ़। थाना लैलूंगा अन्तर्गत ग्राम कोडामाई के चौकीदार प्रेमलाल भगत द्वारा दिनांक 26/08/2021 को थाना लैलूंगा में सूचना दिया कि गांव के लच्छी राम सिदार (55 वर्ष) को उसकी पत्नी व बेटे द्वारा गला दबाकर हत्या कर दिया गया है। मौके पर पहुंचे थाना प्रभारी लैलूंगा निरीक्षक आर.एन. साय अपने स्टाफ के साथ घटनास्थल का निरीक्षण कर शव को पंचनामा कर पीएम के लिये भेजा गया तथा दोनों आरोपियों की पतासाजी कर हिरासत में लेकर थाना लाये, जिन्हें रिमांड पर भेजा गया है।

हिरासत में लिये गये आरोपी 1- परमेश्वर सिदार पिता स्व. लच्छीराम सिदार उम्र 29 साल एवं 2- रूधनी सिदार पति स्व. लच्छीराम सिदार उम्र 50 साल से कड़ाई से पूछताछ करने पर बताये कि लच्छीराम हमेशा शराब पीकर घर में गाली गलौच, झगड़ा, मारपीट करता था। दिनांक 25/08/2021 के रात्रि भी लच्छीराम शराब पीये हुआ था, खाना खाते हुये अपने कपड़े में पेशाब कर गन्दा कर दिया और दोनों मां-बेटे (रूधनी सिदार और परमेश्वर सिदार) को साफ करो कहकर गाली गलौच करने लगा। तब गुस्से में आकर दोनों पहले प्लास्टिक रस्सी से लच्छीराम का गला दबाये, उसके बाद हाथ से गला घोंट करक हत्या कर दिये। दोनों आरोपियों के विरूद्ध मर्ग क्रमांक 103/2021 धारा 174 जा.फौ. की जांच, पीएम रिपोर्ट पर अप.क्र. 244/2021 धारा 302,34 आईपीसी पंजीबद्ध कर दोनों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

मनरेगा अधिनियम की बारीकियों से परिचित होंगे जिले के ग्रामीण

रायगढ़ । जिले में आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम के लाभार्थियों को उनके अधिकारों के बारे में जानकारी देकर सशक्त किया जाएगा। महात्मा गांधी नरेगा में ग्रामीणों के पंजीकरण की प्रक्रिया क्या है, योजना का लाभ कैसे उठाया जा सकता है, किस प्रकार के काम करने होंगे, प्रतिदिन दैनिक मजदूरी दर कैसे मिलेगी, मजदूरी किया है, कार्य करने वाले स्थानों में क्या सुविधाएं उपलब्ध होगी एवं महिलाओं के साथ आने वाले बच्चों के लिए क्या सुविधा होगी जैसी मूलभूत जानकारी से ग्रामीणों को परिचित कराया जाएगा।

इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है की महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम के तहत ग्रामीणों को उनके अधिकारों से रूबरू कराया जा सके। ज्ञात हो कि आजादी के 75 वे वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आजादी का अमृत महोत्सव का कार्यक्रम साल भर संचालित होगा। इसी क्रम में 27 अगस्त से 2 सितंबर तक जिले के सभी ग्राम पंचायतों में ग्रामीणों को योजना के बारे में विस्तार से बताया जाएगा जिससे कि कोई भी ग्रामीण शासकीय योजनाओं का लाभ लेने से वंचित ना रह जाए।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत रायगढ़ डॉ.रवि मित्तल के ने बताया कि आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियां जिले में लगातार संचालित किया जा रहा है। बीते पखवाड़े में ग्रामीणों के साथ मिलकर वर्षा जल को रोकने के लिए अभियान चलाया गया। इसके साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में वृक्षारोपण का कार्य किया गया। योग दिवस के अवसर पर ग्रामीणों को योग का महत्व समझाते हुए बीमारियों से दूर रहने के अनेक उपाय बताए गए और अब इसे आगे बढ़ते हुए मनरेगा योजना के तहत ग्रामीणों को उनके हक से परिचित कराने के लिए एक सप्ताह का जागरूकता अभियान का आयोजन प्रत्येक ग्राम पंचायतों में किया जाएगा। इस दौरान इसमें बताया जाएगा कि महात्मा गांधी नरेगा अंतर्गत कोई ग्रामीण कैसे अपना आवेदन कर पंजीयन करा सकता है, रोजगार मांगने की क्या प्रक्रिया होगा, कितने दिनों में मजदूरी मिलेगा। मजदूरी भुगतान किस प्रकार और कहां से मिलेगा, सप्ताह में कितने दिनों एवं कितने समय तक काम करना होगा, एक गोदी में कितने लोग कार्य करेंगे, एक गोदी की माप इकाई क्या होगी, रोजगार गारंटी योजना में किस प्रकार के कार्य होंगे समुदाय के लिए एवं हितग्राहियों के लिए कौन-कौन से कार्य कराए जा सकते हैं जैसे अनेक विषयों से ग्रामीणों को परिचित कराया जाएगा। जागरूकता अभियान के इस पखवाड़े से ग्रामीणों को प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष रूप से बहुत लाभ होगा एवं शासकीय कार्यों में ग्रामीणों की भागीदारी बढ़ेगी।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480